प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

मॉनसून नुकसान

बीती रात हुई भारी बारिश से प्रदेशभर में नुकसान के समाचार प्राप्त हुए हैं। शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों के उपरी हिस्सों में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। शिमला जिला के झाकड़ी इलाके में समेज खड्ड में आई बाढ़ से नुकसान हुआ है, जिसमें 20 से अधिक मकानों और गाड़ियों को क्षति पहुंची है। प्रशासन ने यहां 32 लापता लोगों की सूची जारी कर दी है। इस घटना में साथ लगते कुल्लू जिला के पंद्रहबीश इलाका में श्रीखंड की पहाड़ियों में बादल फटने से क्षेत्र के नालों व खड्डों में भंयकर बाढ़ आई है। शिमला के गानवी और झाकड़ी क्षेत्र में नुकसान हुआ है। एनडीआरएफ, आईटीबीपी और होमगार्ड के दल घटनास्थल पर बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

वहीं कुल्लू के मलाणा में पावर प्रोजेक्ट वन का डैम फटने से सड़कों, पुलों और साथ लगती जमीनों को भारी नुकसान हुआ है। पार्वती नदी में भारी बाढ़ से भुंतर व इसके आसपास के इलाकों में लोगों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। कुल्लू जिला के बागीपुल में बाढ़ से कई घरों के बह जाने के भी समाचार हैं। जबकि निरंमड में भारी बारिश को देखते हुए आज सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। चंडीगढ़–मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग रायसन व क्लाथ के निकट हुए भूस्खलन से बंद है।

इस बीच जिला मंडी के पद्धर के पास टिक्कन में कल रात बादल फटने से भू–स्खलन की घटना पेश आई है। राहत एंव बचाव दल के साथ जिलाधीश अपूर्व देवगन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए है लेकिन भारी वर्षा के कारण अभी सडंक मार्ग अवरूद्ध हैं, जिस वजह से वह मौके पर नहीं पहुंच पाए है। आकाशवाणी संवाददाता के अनुसार आपदा से बचने के लिए लोग जंगल की ओर भागे थे, जिसमें से अभी 5 लोग लापता बताए जा रहे है। वहीं अपूर्व देवगन ने घटना प्रभावित पद्धर ब्लॉक में एहतियात के तौर पर आज सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं।

भारी बारिश के कारण किन्नौर जिला में निगुलसरी में पहाड़ियों में से पत्थर गिरने के कारण राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के दौरान प्रदेश के 10 जिलों बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगडा, कुल्लू , मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना में अलग अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।

भाजपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा का देशभर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान आज से शुरू हो रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि प्रदेश में भी प्रत्येक बूथ पर 50 पौधे लगाए जाएंगे और 8 हज़ार स्थानों पर 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी लोगों से इस अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने और राज्य को हरा–भरा बनाने का आह्वान किया है।

मिंजर मेला

चंबा जिला में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की चौथी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली कलाकारों के नाम रही। चौथी संध्या में बीती रातं इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा और हिमाचल के लोक गायक इशांत भारद्वाज ने अपने गीतों से समा बांधा। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक व शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने ईडी की छापेमारी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है ईडी की कांग्रेस नेताओं के अस्पतालों, घरों के साथ कई अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में दबिश। दैनिक भास्कर और अमर उजाला के लगभग एक जैसे शब्द हैं पांच जिलों में ईडी की रेड, कांग्रेस विधायक बाली और कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश के घर व अस्पतालों में छापेमारी। दिव्य हिमाचल का कहना है आयुष्मान कार्ड फर्जीबाड़े में पांच जिलों में ईडी के रेड। हिमाचल दस्तक के अनुसार ऊना, मंडी, कांगड़ा कुल्लू में की कार्रवाई, आयुष्मान भारत योजना में धांधली के आरोप। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक हिमाचल में ईडी की छापेमारी, राजनीतिक गलियारों में हलचल।

आपका फैसला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है शोंगटोंग–कड़छम परियोजना को मिली मंजूरी।

दैनिक भास्कर की एक खबर है छोटे बागवान भी लगा सकेंगे सीए स्टोर, 15 से 10 मीट्रिक टन की क्षमता के स्टोर के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी देगी सरकार।

रिटायर्ड आईएएस राम सुभग सिंह का कार्यकाल एक साल और बढ़ने संबंधी खबर भी अधिकांश समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई हैं।

शिक्षकों के तबादलों पर रोक, अब सैशन के बीच में नहीं होंगे तबादले पंजाब केसरी की एक खबर है। आपका फैसला लिखता है शिक्षकों के तबादलों पर रोक, 99 स्कूलों को बंद करने के निर्देश।